कार्यालय – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा./माध्य/अ–4/म.गां./अंग्रेजी माध्यम/2018–19 दिनांकः 19/6/2019

–: संशोधित सूचना :–

इस कार्यालय के समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांकः 16.06.2019 द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर ''महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)'' की स्थापना के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए हैं, जो कि इस कार्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकः 14.06.2019 द्वारा इन विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद पर वॉक–इन–इंटरव्यू द्वारा पात्र आशार्थियों को चयन हेतु साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त बाबत इस कार्यालय की समसंख्यक सूचना दिनांकः 18.06.2019 द्वारा साक्षात्कार हेतु इच्छुक आशार्थियों को साक्षात्कार हेतु दिनांकः 20–21 जून, 2019 को निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर में प्रातः 9.30 से 10.30 बजे के मध्य निदेशालय स्थित गोल बिल्डिंग में पंजीयन हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करने बाबत निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए उक्त वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु पंजीयन एवं साक्षात्कार स्थल निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर निर्धारित किया जाता है। साक्षात्कार बावत आवश्यक विवरण निम्नानुसार हैः–

1. पंजीयन एवं साक्षात्कार स्थलः निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. साक्षात्कार हेतु मण्डलवार निर्धारित तिथि एवं समयः–
   - (i) दिनांकः 20.06.2019– जयपुर, अजमेर, कोटा, पाली एवं उदयपुर मण्डल में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों हेतु–
     - (a) प्रातः 9.30 से 10.30 बजेः– कोटा, पाली एवं उदयपुर मण्डल के आशार्थियों का पंजीयन।
     - (b) साक्षात्कार प्रारम्भ होने का समयः– प्रातः 10.30 बजे ।
     - (c) दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजेः–जयपुर एवं अजमेर मण्डल के आशार्थियों का पंजीयन।
     - (d) साक्षात्कार प्रारम्भ होने का समयः– दोपहर 02.00 बजे ।
   - (ii) दिनांकः 21.06.2019– बीकानेर, चूरू, जोधपुर एवं भरतपुर मण्डल में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों हेतु–
     - (a) प्रातः 9.30 से 10.30 बजेः– जोधपुर एवं भरतपुर मण्डल के आशार्थियों का पंजीयन।
     - (b) साक्षात्कार प्रारम्भ होने का समयः– प्रातः 10.30 बजे ।
     - (c) दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे बीकानेर एवं चूरू मण्डल के आशार्थियों का पंजीयन।
     - (d) साक्षात्कार प्रारम्भ होने का समयः– दोपहर 02.00 बजे ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं पदेन अतिरिक्त आयुक्त,राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
6. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को क्षेत्राधिकार में प्रभावी प्रबोधन एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
8. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. स्टाफ ऑफिसर, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को उपर्युक्त वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु पंजीयन एवं साक्षात्कार के लिए यथोचित स्थान निर्धारित करने एवं तत्सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु।
12. भण्डार प्रभारी, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु पंजीयन एवं साक्षात्कार के लिए प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्मिकों से समुचित समन्वय एवं सम्पर्क स्थापित कर तत्सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाएं एवं सहायक निदेशक (माध्यमिक), कार्यालय हाजा को उक्त बाबत वांछित सहयोग प्रदान करें।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर